यूथरेडक्रास सोसायटी वार्षिक प्रतिवेदन

2019–20

यूथरेडक्रास सोसायटी की नियमित गतिविधियों के अंतर्गत वर्ष 2019–20 में निम्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

1. दिनांक 21 जून 2019 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथरेडक्रास के संयुक्त तत्वधान में योग शिविर का आयोजन किया गया।
2. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ मिलकर पौधारोपण शिविर का आयोजन पर्यावरण को संरक्षित करने में योगदान के रूप में किया गया। नये पौधे लगाकर उनको सुरक्षित करने पर जोर दिया 19 जुलाई 2019 को 15 नग ट्रीगाई पौधों की सुरक्षा हेतु प्रदान किये गये।
3. दिनांक 13 अगस्त 2019 को उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन कर यूथरेडक्रास की स्थापना एवं उद्देश्यों के प्रति छात्र/छात्राओं को जानकारी प्रदान कर उन्हें यूथरेडक्रास की गतिविधियों में शामिल होने हेतु प्रेरित किया गया।
4. दिनांक 19 अगस्त 2019 को वर्षा जलसंग्रहण पर व्याख्यान का आयोजन कर वर्षा जल को संरक्षित करने पर जोर दिया गया।
5. दिनांक 7 सितंबर 2019 को सिकलसेल /थैलेसीमिया पर व्याख्यान आयोजित कर छ.ग. में व्याप्त सिकलसेल बीमारी के प्रति छात्र/छात्राओं को जानकारी दी गयी । बैनर के माध्यम से इसके बारे में जागरूक किया गया।
6. दिनांक 3 अक्टूबर 2019 को महिलाओं/छात्राओं में व्याप्त एनीमिया पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। अधिकांश छात्राये एनीमिक होती हैं इसके कारण लक्षण एवं उपायों की विस्तृत चर्चा की गयी ।
7. दिनांक 2 दिसंबर 2019 को विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एड्स पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें एड्स क्या है कैसे फैलता है एवं इससे बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।
8. दिनांक 14 दिसंबर 2019 को नेत्रदान के संबंध में प्रचार प्रसार कर इस हेतु प्रोत्साहित किया गया। दृष्टिहीनता बहुत बड़ी समस्या है हमें समाज की भलाई हेतु दान करने को तैयार रहना चाहिये असका आह्वान किया गया।
9. दिनांक 8 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर ग्राम में शिविरार्थी छात्र/छात्राओं को फलों का वितरण किया गया। शिविरार्थी छात्रों एवं ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी।
10. दिनांक 12 जनवरी 2020 को महाविद्यालय में युवादिवस का अयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद जी का स्मरण कर उनके बताये मार्गों के अनुसरण का आह्वान किया गया।
11. दिनांक 7 फरवरी 2020 को यूथरेडक्रास की नियमित गतिविधियों में भाग लेने छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

संजय कुमार अग्रवाल
प्रभारी
यूथरेडक्रास सोसायटी
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा
जिला – बिलासपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय
बिल्हा जिला- बिलासपुर (छ.ग.)